आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 मई 2026 **सान्ध्य समाचार**

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा में बार–बार हो रही चूक पर चिंता जताते हुए कहा कि यह खेदजनक है कि राष्ट्रीय परीक्षा जांच एजेंसी–एन.टी.ए. ने पिछले पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं सीखा है। एक रिपोर्ट–

न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों से उन याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जगह किसी सशक्त और स्वायत्त संस्था को लाने की मांग की गई है। न्यायालय ने एजेंसी को बृहस्पतिवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि बार–बार पेपर लीक होने से 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों के अधिकारों पर असर पड़ा है। इस महीने की तीन तारीख को आयोजित नीट–यूजी परीक्षा, पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दी गई थी। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।

इस बीच, एन.टी.ए. ने अट्ठाइस मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की तारीख आगे बढ़ा दी है। एजेंसी ने कहा कि बकरीद की तिथि में बदलाव के कारण यह निर्णय लिया गया। संशोधित परीक्षा तिथि की सूचना जल्द ही दी जाएगी।

****

पेट्रोल की कीमतों में आज दो रुपये इकसठ पैसे और डीजल के दाम में दो रुपये इकहत्तर पैसे प्रति लीटर की बढोत्तरी की गयी है। पेट्रोल और डीजल के मूल्य में यह पिछले दो सप्ताह में हुयी चौथी वृद्धि है। बढ़ोत्तरी के बाद अब लखनऊ में पेट्रोल एक सौ एक रुपये नवासी पैसे और डीजल पन्चानवे रुपये छत्तीस पैसे प्रति लीटर की दर से मिलने लगा है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलग–अलग बैठकों के जरिये प्रशासनिक कार्यों, कानून–व्यवस्था, आयुष विभाग और राज्य कर विभाग के कामकाज की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून–व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक विकास खंड स्तर पर साप्ताहिक चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन चौपालों में राजस्व वाद, घरेलू हिंसा, अवैध वसूली और स्थानीय स्तर की शिकायतों का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। श्री योगी ने आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन से मिली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टिपरक निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि शिकायतों में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक अन्य उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए पुलिस रेडियो यूनिट को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस की लोकेशन, मूवमेंट और संचार गतिविधियों की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, कल शाम को ही आयुष विभाग की एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने 'आयुष हेल्थ एंड वेलनेस नीति–2026' को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

मुख्यमंत्री ने आज राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय एवं फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राजस्व संग्रह, कर प्रशासन और व्यापारिक सुविधाओं की स्थिति की भी समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य कर विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा।

****

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबीयो आज अपनी पत्नी और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आगरा पहुंचे। वहां उन्होंने ताजमहल देखा और अपनी पत्नी के साथ डायना बैंच पर फोटो सेशन कराया। इस दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री ने गाइड से ताजमहल के इतिहास, निर्माण और पच्चीकारी के बारे में जानकारी भी ली।

****

आज गंगा दशहरा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या में भारी संख्या में श्रद्धालु पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगा कर प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना कर रहे हैं। हापुड़ के तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर में आज से ही तीन दिवसीय गंगा दशहरा मेला भी प्रारंभ हो गया है।

****

प्रदेश में तेज धूप, भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने कल तक के लिए दिन के समय में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं तेज लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया है। लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रदेश में गर्मी का प्रकोप अभी जारी रहेगा।

जैसा कि पिछले दिनों में गर्मी का असर है। उसी तरीके से आने वाले दिनों में भी गर्मी का असर बनेगा। उसके बाद जैसा कि एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है तो कहीं ना कहीं 28 तारीख से थोड़ा सा जो तराई बेल्ट है सेंट्रल पार्ट में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है।

इस बीच, भीषण गर्मी 'नौतपा' की आज से शुरुआत हो गई है। यह अगले महीने की दो तारीख तक जारी रहेगा।

****